वनाधिकार की राह

प्रशिक्षण मॉड्यूल

भाग-2

माड्यूल का शीर्षक	:	**"वनाधिकार की राह" मॉड्यूल-2**
लेखक	:	**अनिल गर्ग**
सहयोग	:	**प्रमोद विश्वकर्मा**
सम्पादन	:	**राकेश कुमार मालवीय**
वर्ष	:	**2025**
प्रतियां	:	**300**
प्रकाशक	:	**बुनियाद बैतूल**
पता	:	**कोठी बाजार, बैतूल**
सहयोग	:	**अजीम प्रेमजी फाउंडेशन**
मुद्रक	:	**अमित प्रकाशन, भोपाल**
ई-मेल	:	**buniyadsws@gmail.com**
मोबाइल	:	**9425636979**

भूमिका

मध्य प्रदेश में सामुदायिक वन अधिकार एवं मान्यता

जनवरी 2008 से अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) कानून 2006 लागू हुआ, जिसके आधार पर वन भूमि पर समाज के अलग-अलग अधिकारों को सामुदायिक वन अधिकारों के तौर पर मान्यता का प्रावधान किया गया।

इस कानून में 1950 में संविधान लागू होने के पहले और संविधान लागू होने के बाद संसाधनों पर समाज के अधिकारों को लेकर भारत सरकार एवं राज्य सरकार थोड़ा-बहुत होमवर्क कर लेतीं तो वर्तमान में 18 साल बाद सामुदायिक वन अधिकारों की मान्यता का प्रतिशत कम से कम 75 के ऊपर होता, जो 10 प्रतिशत भी नहीं हो पाया।

सामुदायिक वन अधिकारों को लेकर सरकार ने अधिकारियों को प्रशिक्षण दिलवाया। स्वयंसेवी संगठनों एवं जन संगठनों ने भी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। यह सिलसिला वर्तमान में भी चल ही रहा है।

भारत की संसद में वर्ष 2005 का प्रारंभिक प्रारूप प्रस्तुत हुआ, जिसके बाद इस लेखक ने पुस्तक भी लिखी "ऐतिहासिक अन्याय जिम्मेदार कौन"। हमने पुस्तक में आजादी के पहले एवं आजादी के बाद सामुदायिक संसाधनों की प्रचलित वैधानिक व्यवस्था का प्रमाणों के साथ उल्लेख कर अनुरोध किया था कि इसे यथावत स्वीकार कर लिया जाए, ताकि राज्य के राजस्व ग्रामों में सामुदायिक वन अधिकारों की मान्यता के अभियान की आवश्यकता ही नहीं हो।

मध्य प्रदेश में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने पर समाज के संसाधनों पर अधिकारों को राजस्व विभाग नियंत्रित करता रहा, जबकि वन विभाग आरक्षित वन क्षेत्रों पर समाज के अधिकारों को नियंत्रित करता रहा है।

वन विभाग ने राजस्व विभाग द्वारा नियंत्रित संसाधनों पर कब्जा करना प्रारंभ किया। उन्हें भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 29 के अनुसार अधिसूचित कर अपना कब्जा करना प्रारंभ किया और उसी के बाद अधिकारों के नियंत्रण एवं प्रबंधन में भूमिकाएँ बदलती नजर आईं, संतुलन भी बदल गया।

मध्य प्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग ने इन बदलती हुई स्थितियों के आधार पर पत्र जारी कर निर्देश दिए, लेकिन उनका पालन नहीं करवा पाया।

जनजातीय कार्य विभाग को राज्य के वन विभाग ने सामुदायिक अधिकारों के वैधानिक विषयों पर सहयोग नहीं किया, बल्कि मनमाने तरीके से हठधर्मिता दिखाते हुए असहयोग की नीति अपनाई।

ये दोनों ही कारण राज्य में सामुदायिक वन अधिकारों की मौजूदा चिंताजनक स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। राजस्व ग्रामों के पटवारी मानचित्र में राजस्व विभाग ने कानून और नियमों को ताक पर रखकर बड़े बदलाव किए।

राजस्व विभाग ने राज्य शासन, वन विभाग के पत्र दिनांक 2 अप्रैल 1971 के आधार पर पटवारी मानचित्र में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 में अधिसूचित वनखंड की सीमा रेखा दर्ज कर ली, लेकिन इस सीमा रेखा में शामिल खसरों का ब्यौरा निस्तार पत्रक, अधिकार अभिलेख एवं खसरा पंजी में दर्ज नहीं किया।

राजस्व विभाग ने ही 1980 के बाद भा.व.अ. 1927 की धारा 29 और धारा 4 की अधिसूचना में अधिसूचित भूमियों को वन भूमि मानकर पटवारी मानचित्र एवं खसरा पंजी से पृथक कर दिया। इस कार्यवाही के पूर्व वन विभाग द्वारा धारा 34अ के अनुसार डीनोटिफाइड कर वन विभाग के अभिलेखों एवं मानचित्रों से पृथक की गई भूमि को भी पृथक करने की कार्यवाही की गई।

राजस्व विभाग ने पटवारी मानचित्र में दर्ज वनखंडों की सीमा रेखा में शामिल भूमि में आने वाली भूमियों को राजपत्र में धारा 34अ के अनुसार डीनोटिफाइड किया, गैर-वानिकी कार्यों के लिए आवंटित किया, भूमिहीन काबिजों को आवंटित किया, ग्रामीण अधोसंरचना विकास में भूमि का उपयोग किया, लेकिन इसकी कोई प्रविष्टि पटवारी मानचित्र में दर्ज नहीं की गई।

राजस्व ग्राम, राजस्व का पटवारी मानचित्र, राजस्व विभाग की कार्यवाही आदि का उल्लेख किए जाने का मुख्य कारण यह है कि कुछ बुद्धिजीवी एवं विशेषज्ञ डिजिटल नक्शा बनाकर उसे सामुदायिक अधिकारों का सर्वोत्तम एवं अंतिम विकल्प बताने का पुरजोर प्रयास कर रहे हैं।

यह प्रयास शासकीय स्तर पर मान्य कर लिया जाएगा, क्योंकि शासकीय अमला, खासकर राजस्व विभाग एवं वन विभाग के साथ ही जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी इस कार्य को मात्र एक शासकीय कार्य मानकर अपनी जवाबदेही एवं जिम्मेदारी से ही इंकार कर रहे हैं।

हम मध्य प्रदेश में संसाधनों पर सामुदायिक वन अधिकारों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी आपके साथ साझा कर रहे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि यह जानकारी उपयोगी होगी एवं समाज के अधिकारों की गारंटी का आधार बनेगी।

- **अनिल गर्ग**, बुनियाद

वन अधिकार के आदेशों का अनुपालन क्यों नहीं हुआ?

वन अधिकार कानून 2006 के अनुसार व्यक्तिगत वन अधिकार हो या सामुदायिक वन अधिकार हो, राजस्व विभाग के अभिलेखों, दस्तावेजों, पटवारी मानचित्र एवं 26 जनवरी 1950 के बाद की गई समानान्तर कार्यवाहियों को आधार बनाया जाना आवश्यक है, लेकिन ऐसा या तो हुआ नहीं, या फिर हुआ तो उसे अभियान के तौर पर नहीं लिया गया।

बड़े झाड़, छोटे झाड़ के जंगल मद में दर्ज जमीनों पर समाज के अधिकार को लेकर प्रमुख सचिव ने दिनांक 10 जून 2008 को आदेश जारी किया, लेकिन उसका पालन नहीं किया गया।

भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 में अधिसूचित, धारा 5 से 19 तक की जांच के लिए लंबित जमीनों से संबंधित दिनांक 16 अप्रैल 2015 को जारी आदेश का भी पालन नहीं हुआ।

ये दोनों आदेश पटवारी मानचित्र एवं अन्य राजस्व अभिलेखों में दर्ज संसाधनों एवं अधिकारों की पुष्टि करते हैं।

सामुदायिक संसाधन और अधिकार

भारत में पारंपरिक ग्रामीण व्यवस्था में सामुदायिक संसाधनों और निस्तारी अधिकारों का प्रबंधन स्थानीय समुदायों के माध्यम से प्रभावी ढंग से होता था। आज़ादी के बाद भूमि सुधार और संसाधनों के न्यायसंगत वितरण के लिए कई संवैधानिक और कानूनी प्रावधान किए गए, जिनका उद्देश्य भूमिहीनों को अधिकार देना और सामुदायिक संसाधनों की रक्षा करना था।

हालांकि, 1950 के बाद राजस्व और वन विभागों द्वारा समानांतर कार्यवाहियों के चलते कई स्थानों पर सामुदायिक और सार्वजनिक उपयोग की भूमि को वन भूमि घोषित कर दिया गया। इससे स्थानीय समुदायों के पारंपरिक अधिकार कमजोर हुए और "ऐतिहासिक अन्याय" की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसे बाद में वन अधिकार कानून 2006 में भी स्वीकार किया गया।

प्रजातांत्रिक व्यवस्था ने समय-समय पर कई कानूनों और संशोधनों (जैसे पंचायती राज, पेसा कानून 1996, और वन अधिकार कानून 2006) के माध्यम से ग्रामसभा और समुदायों को संसाधनों पर अधिकार देने का प्रयास किया। इसके बावजूद, प्रशासनिक स्तर पर विशेषकर कलेक्टर और राजस्व अधिकारियों की भूमिका अपेक्षित रूप से प्रभावी नहीं रही, जिससे कई मामलों में समुदायों के अधिकारों का हनन हुआ।

सर्वोच्च न्यायालय के कुछ फैसलों और वन कानूनों की व्याख्या ने भी कई बार सामुदायिक भूमि को वन भूमि के रूप में परिभाषित कर दिया, जिससे स्थिति और जटिल हुई।

कुल मिलाकर, भारत में सामुदायिक संसाधनों के प्रबंधन का इतिहास एक ओर अधिकारों को मान्यता देने के प्रयासों का है, तो दूसरी ओर इन अधिकारों के कमजोर पड़ने और प्रशासनिक विसंगतियों का भी। आज आवश्यकता है कि कानूनी प्रावधानों के अनुरूप ग्रामसभाओं को उनके अधिकार प्रभावी रूप से दिए जाएं और सामुदायिक संसाधनों का न्यायसंगत प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए।

प्रशिक्षण के लिए मुख्य संदेश

- 5वीं अनुसूची आदिवासी अधिकारों की सुरक्षा का मजबूत संवैधानिक आधार है।
- राज्यपाल की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन उसे प्रभावी रूप से लागू करना जरूरी है।
- राजस्व अभिलेख समुदाय के अधिकारों का प्रमाण हैं।
- सामुदायिक संसाधनों पर अधिकार केवल कानूनी नहीं, बल्कि आजीविका और पहचान का सवाल है।
- सही जानकारी से समुदाय अपने अधिकारों को समझ और प्राप्त कर सकता है।

मॉड्यूल का उद्देश्य

यह मॉड्यूल समुदाय, सीएसओ कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों और फील्ड फैसिलिटेटर्स की **सामुदायिक वनाधिकार (CFR)** पर समझ और क्षमतावृद्धि के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे कानूनी अधिकारों को पहचान सकें, दावा प्रक्रिया को समझें और सामुदायिक वन प्रबंधन को सशक्त बना सकें।

लक्ष्य समूह

- ग्राम सभा सदस्य (विशेषकर आदिवासी/वन आश्रित समुदाय)
- सामुदायिक वन प्रबंधन समितियां
- सीएसओ/एनजीओ फील्ड कार्यकर्ता
- पंचायत प्रतिनिधि
- युवा एवं महिला समूह

मॉड्यूल के भाग

- कुछ महत्वपूर्ण शब्दावली और प्रक्रियाएं 8
- राजस्व अभिलेख की जानकारी 13
- पारंपरिक व्यवस्था और बदलाव की शुरुआत..................16
- 5वीं अनुसूची, राज्यपाल की भूमिका 19
  और सामुदायिक अधिकार
- भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधान 21
- भू-राजस्व संहिता 1959 के प्रावधान 23
- समाज के अधिकार एवं प्रचलित प्रावधान 25
- ग्रामों के प्रकार 26
- मध्य प्रदेश के 1956 में पुर्नगठन 28
  के पहले और बाद की स्थिति
- भारत में वनों पर समुदाय की ऐतिहासिक निर्भरता...........31
- वन संरक्षण में समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका 34
- वनाधिकार अधिनियम, 2006 37
- वनाधिकार के प्रकार..40
- सामुदायिक वनाधिकार के 43
- संदर्भ में ग्राम सभा की भूमिका..43
- सामुदायिक वनाधिकार क्या है?......................................47
- सामुदायिक वनाधिकार दावा प्रक्रिया 50
- गतिविधि...53

कुछ महत्वपूर्ण शब्दावली और प्रक्रियाएं

आरक्षित वन क्या है?

आरक्षित वन वे जंगल होते हैं जिन्हें सरकार कानूनी रूप से सबसे अधिक सुरक्षा देती है। इन वनों में पेड़ों की कटाई, शिकार, चराई या किसी भी तरह का उपयोग बिना सरकारी अनुमति के पूरी तरह प्रतिबंधित होता है। इनका मुख्य उद्देश्य जंगलों, वन्य जीवों और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना होता है।आरक्षित वनों में नियम बहुत सख्त होते हैं ताकि प्रकृति को नुकसान न पहुंचे और जंगल सुरक्षित रह सकें।

संरक्षित वन क्या है?

संरक्षित वन वे जंगल होते हैं जिन्हें सरकार द्वारा संरक्षण के लिए घोषित किया जाता है, लेकिन यहां सीमित और नियंत्रित उपयोग की अनुमति होती है। इन वनों में सरकार के नियमों के अनुसार स्थानीय लोगों को कुछ गतिविधियां—जैसे सीमित मात्रा में लकड़ी लेना, चराई या वन उपज एकत्र करना—करने की अनुमति मिल सकती है।संरक्षित वनों का उद्देश्य जंगलों की रक्षा करना और साथ-साथ स्थानीय समुदाय की जरूरतों का संतुलन बनाए रखना होता है। संरक्षित वन भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 29 के अनुसार राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार संरक्षित वन अधिसूचित किए जाते हैं। संरक्षित वन की सरकार जांच करवाती है, संरक्षित वन को सरकार आरक्षित वन अधिसूचित करती है। संरक्षित वन की जांच पूरी होने तक समाज के जो अधिकार होते हैं वह यथावत प्रचलित रहते हैं।

असीमांकित वन या अवर्गीकृत वन

मध्य प्रदेश वन विभाग अवर्गीकृत वन एवं असीमांकित वन प्रतिवेदित करता है, लेकिन इस संबंध में भा. व. अ. 1927 में कोई प्रावधान ही नहीं है। यह कौन सी जमीन होगी इस बाबत भी कोई स्पष्टता नहीं है।

नारंगी भूमि क्या है ?

नारंगी भूमि वह भूमि होती है जो वन विभाग के अंतर्गत आती है, लेकिन जिसे स्थानीय लोगों को खेती या निवास के लिए अस्थायी या परंपरागत रूप से उपयोग करने दिया गया हो। सरल शब्दों में, यह ऐसी जमीन है जो कागज़ों में तो वन भूमि होती है, लेकिन लंबे समय से उस पर गांवों का बसेरा, खेती या अन्य उपयोग होता आ रहा है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में नारंगी भूमि शब्द का प्रयोग अधिक होता है। यहां इस तरह की भूमि पर रहने वाले लोगों के वनाधिकार और भूमि अधिकार को लेकर कई बार विवाद और प्रक्रियाएं चलती रहती हैं।

भूमि वन अधिकारियों द्वारा नारंगी भूमि के नाम पर भ्रम उत्पन्न किया गया है। वन अधिकारियों के अनुसार संरक्षित वन भूमि के सर्वे डिमार्केशन में जिन जमीनों को वानिकी प्रबन्धन के लिए उपयुक्त समझा गया उनके वनखंड बनाए और उन्हें पटवारी मानचित्र मे हरे रंग से रंगा गया।

सर्वे में जिन जमीनों को अनुपयुक्त पाया गया या वनखंड के बाहर छोड़ा गया उन जमीनों को पटवारी मानचित्र में नारंगी रंग से रंगा गया, इन्हीं जमीनो को वन विभाग ने राजस्व विभाग को अन्तरित किया, गैर वानिकी प्रयोजनों के लिए आवंटित किया, राजपत्र में धारा 34 अ के अनुसार डीनोटीफाइड किया, लेकिन वन विभाग ने अपने किसी अभिलेख में आवश्यक प्रविष्टि दर्ज नहीं की। वन विभाग ने इन्हीं धारा 4 एवं धारा 34 में अधिसूचित भूमि और अन्तरित आवंटित भूमि को नारंगी भूमि सर्वे में शामिल कर लिया।

बडे झाड़, छोटे झाड़ के जंगल मद में दर्ज जमीन

सर्वोच्च अदालत ने टी. एन. गोदाबर्मन की सिविल याचिका क्रमांक

202/95 में दिनांक 12 दिसम्बर 1996 को आदेश दिया जिसमें मुख्य रूप से जंगल मद में दर्ज जमीन याने बड़े झाड़, छोटे झाड़ के जंगल, जगलात, गुडपी जंगल, जंगल जला, जंगल खुर्द मद की जमीनों को वन संरक्षण कानून 1980 के दायरे में आने वाली वन भूमि आदेशित किया। न्यायालय ने उन जमीनों को भी वन भूमि आदेशित किया जिन पर प्रति हेक्टयर 200 वृक्ष स्थित है।

हम यहां विशेष उल्लेख करना चाहते हैं :- शासन ने खासकर वन विभाग ने राजस्व अभिलेखों में जो जमीन जंगल मद याने बड़े झाड़. छोटे झाड़ के जंगल जंगलात झुड़पी जंगल जगल जला, जंगल खुर्द आदि मदों में दर्ज रही है उन्हें राजपत्र में 1949 से 1958 तक संरक्षित वन भूमि अधिसूचित किया।

वन विभाग ने इन्हीं जमीनों को संरक्षित वन सर्वे डिमार्केशन में शामिल किया, धारा 5 एवं धारा 34 में अधिसूचित किया। वन विभाग ने इन्हीं जमीनों को राजस्व विभाग को अन्तरित और आवंटित करना बताया। वन विभाग एवं राजस्व विभाग ने अपनी अपने अपने अभिलेखों में आवश्यक संशोधन नहीं किया, आवश्यक प्रविष्टी दर्ज नहीं की। यह समस्त भूमि आजादी के पहले पटवारी मानचित्र एवं अन्य राजस्व अभिलेखों में दर्ज रही है, आजादी के बाद भी दर्ज रही है वर्तमान में भी दर्ज है।

राजस्व भूमि क्या है ?

पटवारी मानचित्र, मिसल बन्दोबस्त, बाजिबुल अर्ज, गांव कायदा, निस्तार पत्रक, अधिकार अभिलेख, जमाबन्दी, किस्तबन्दी, खसरा पंजी में दर्ज जमीनों को राजस्व भूमि कहा जाता है।

राजस्व भूमि दो प्रकार की होती है।

पहला वह भूमि जो भूस्वामी हक की भूमि हो, शासन द्वारा पट्टे पर दी गई भूमि हो, ग्राम कोटवार को दी गई सेवा भूमि हो।

दूसरी वह भूमि जो अलग-अलग सार्वजनिक, निस्तारी प्रयोजनों के लिए दर्ज भूमि हो, जिन्हें अलग-अलग मद में भी दर्ज किया जाता है। इस भूमि में नदी-नाले, सड़क-रास्ते, इमारत, पहाड़-चट्टान, बड़े झाड़, छोटे झाड़ का जंगल, घास, चरनोई, गोचर, सरना, करात आदि जमीनें भी आती हैं।

राजस्व भूमि वह भूमि होती है जो राज्य सरकार के राजस्व विभाग के अंतर्गत आती है। सरल शब्दों में, यह वह जमीन है जिसका रिकॉर्ड सरकार के राजस्व अभिलेखों (खसरा-खतौनी) में दर्ज होता है और जिस पर खेती, आवास या अन्य उपयोग किया जाता है।

राजस्व भूमि में वह भूमि है जो राजस्व अभिलेखों में छोटे झाड़ के जंगल, बड़े झाड़ के जंगल, होडप जंगल, जंगलात, जंगल-जला, जंगल खुर्द मद में दर्ज होने के कारण सर्वोच्च अदालत द्वारा वन भूमि मानी गई है, इन्हीं भूमि पर सामुदायिक अधिकारों को मान्यता दी जानी है।

वह राजस्व भूमि जो वानाधिकार की दर....

राजस्व भूमि की खास बातें—

- यह भूमि किसान या व्यक्ति के नाम दर्ज हो सकती है।
- इस पर लगान/भूमि कर लिया जाता है।
- भूमि का क्रय-विक्रय, बंटवारा और नामांतरण किया जा

सकता है।

- इसका उपयोग खेती, मकान, दुकान आदि के लिए किया जाता है।

संक्षेप में, वन भूमि वन विभाग के अधीन होती है, जबकि राजस्व भूमि राजस्व विभाग के अधीन होती है।

राजस्व भूमियों की मद एवं प्रयोजन

राजस्व विभाग गैर खाता मद की जमीन, यानी दखल रहित जमीन को सामान्यतः दो तरह से पृथक-पृथक दर्ज करता है।

राजस्व विभाग मद यानी बड़े झाड़, छोटे झाड़ का जंगल, पहाड़-चट्टान, पठार, घास, चरनोई, गोचर, चारागाह, सरना, करात, नदी-नाले, सड़क-रास्ते आदि मदों में दखल रहित जमीनों को दर्ज करता है।

इन्हीं जमीनों को प्रयोजन यानी गोठान, बालियान, कब्रिस्तान, श्मशान, मृत मवेशी चीरने-फाड़ने के स्थान, लघु वनौषधि बीनने, जलाऊ लकड़ी, चारा आदि लाने के स्थान, पाठशाला एवं खेलकूद के मैदान, गौण खनिज लाने के स्थान, तन सड़ाने और सिंचाई आदि प्रयोजन यानी अधिकार के तौर पर भी दर्ज करता है।

समाज के अधिकार एवं प्रचलित प्रावधान

राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमियों पर समाज के अधिकार मान्य हैं। म.प्र. भू-राजस्व संहिता, 1959 के अध्याय 18 में गैर-खातेदार भूमि के संबंध में प्रावधान दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त संविधान की पांचवीं अनुसूची, पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा कानून) तथा वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत ग्रामसभा एवं ग्राम पंचायत को अधिकार, नियंत्रण एवं प्रबंधन का अधिकार प्राप्त है।

वन भूमि के डिनोटिफिकेशन से क्या आशय है ?

वन भूमि के डिनोटिफिकेशन से आशय है किसी भूमि का कानूनी रूप से वन की श्रेणी से बाहर किया जाना। सरल शब्दों में, जब कोई क्षेत्र जो पहले आरक्षित वन, संरक्षित वन या वन भूमि के रूप में अधिसूचित (नोटिफाइड) था, उसे सरकारी अधिसूचना (आदेश) के माध्यम से वन का दर्जा समाप्त कर दिया जाता है, तो उसे वन भूमि का डिनोटिफिकेशन कहा जाता है।

इसका मतलब क्या होता है?

- वह भूमि अब वन कानूनों के अंतर्गत नहीं रहती
- उस पर गैर-वन उपयोग (जैसे खेती, सड़क, भवन, उद्योग आदि) संभव हो सकता है
- भूमि को राजस्व भूमि या किसी अन्य श्रेणी में बदला जा सकता है

महत्वपूर्ण बिंदु:

- डिनोटिफिकेशन सरकारी प्रक्रिया से ही होता है, इसके लिए अक्सर राज्य सरकार और कई मामलों में केंद्र सरकार की अनुमति आवश्यक होती है
- वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत वन भूमि को गैर-वन उपयोग में लाने पर सख्त नियम लागू होते हैं

संक्षेप में, वन भूमि को उसके वन-स्वरूप से कानूनी रूप से हटाना ही डिनोटिफिकेशन कहलाता है।

वन खंड किसे कहते हैं ?

वन खंड उस निर्धारित भू-भाग को कहते हैं जिसे वन विभाग द्वारा प्रशासनिक और प्रबंधन की सुविधा के लिए अलग-अलग हिस्सों में बांटा गया होता है। सरल शब्दों में, बड़े वन क्षेत्र का छोटा प्रबंधकीय हिस्सा ही वन खंड कहलाता है। यह वनखंड वन अधिनियम की धारा 20 में अधिसूचित हो उसे आरक्षित वन कहा जाता है, और यदि वह धारा 4 में अधिसूचित हो तो सरकार उसे संरक्षित वन कहती है ।

मुख्य बातें:

- कई वन खंडों को मिलाकर वन मंडल का गठन किया जाता है।
- प्रत्येक वन खंड का एक निश्चित नाम या नंबर होता है।
- वन खंड का प्रबंधन वन रक्षक/बीट गार्ड या संबंधित अधिकारी करते हैं।
- इसी आधार पर जंगल की सुरक्षा, देखरेख, कटाई-रोपण, आग नियंत्रण आदि काम किए जाते हैं।

संक्षेप में वन प्रबंधन के लिए तय किया गया जंगल का हिस्सा वन खंड कहलाता है।

लघु वनोपज से क्या आशय है ?

लघु वनोपज से आशय उन वन उत्पादों से है जो लकड़ी के अलावा वनों से प्राप्त होते हैं और जिनका उपयोग स्थानीय लोग अपनी आजीविका, भोजन और आय के लिए करते हैं। सरल शब्दों में,जंगल से मिलने वाले वे उत्पाद जो लकड़ी नहीं होते, लघु वनोपज कहलाते हैं।

उदाहरण:

तेंदूपत्ता, महुआ, साल बीज, हर्रा, बहेरा, आंवला, लाख, शहद, गोंद, औषधीय जड़ी-बूटियाँ इत्यादि।

मुख्य बातें:

लघु वनोपज का संग्रह मुख्यतः आदिवासी और वन-आश्रित समुदाय करते हैं, यह ग्रामीण आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है, सरकार कई राज्यों में इसके संग्रह, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देती है. संक्षेप में,लकड़ी को छोड़कर जंगल से मिलने वाले सभी उपयोगी उत्पाद लघु वनोपज कहलाते हैं।

राजस्व अभिलेख की जानकारी

राजस्व अभिलेख (Revenue Records) बहुत महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि इनमें जमीन का पूरा विवरण दर्ज होता है। इनमें दो तरह की जमीन दर्ज होती है:

1. **निजी भूमि (खाता भूमि)**
2. **सार्वजनिक/सामुदायिक भूमि (गैर-खाता भूमि)**

सामुदायिक भूमि को दो तरीकों से दर्ज किया जाता है:

- **मदवार (प्रकार के अनुसार)**
  जैसे: जंगल, चरागाह, पहाड़, झाड़ी आदि
- **प्रयोजनवार (उपयोग के अनुसार)**
  जैसे:
  - खलिहान
  - कब्रिस्तान/श्मशान
  - स्कूल
  - खेल का मैदान
  - बाजार
  - जल स्रोत
  - निस्तारी (ईंधन, चारा, पानी आदि)

प्रमुख राजस्व अभिलेख

- मिसल बंदोबस्त: पुराने रिकॉर्ड, नक्शे, खसरा, बाजिबुल अर्ज
- बाजिबुल अर्ज: गांव की परंपराएं और निस्तारी अधिकार
- निस्तार पत्रक: सामुदायिक उपयोग की जमीनों का विवरण
- अधिकार अभिलेख: जमीन के अधिकारों की जानकारी
- खसरा पंजी: हर जमीन का रिकॉर्ड
- जमाबंदी/किस्तबंदी: मालिकाना और उपयोग का विवरण
- संशोधन पंजी: जमीन में हुए बदलाव
- पटवारी नक्शा: जमीन की सीमाएं और स्थिति

ये सभी अभिलेख यह साबित करते हैं कि सामुदायिक संसाधन पहले से दर्ज और मान्यता प्राप्त थे इन पर समुदाय का पारंपरिक अधिकार था ।

पटवारी मानचित्र और वनखण्ड से जुड़ी मुख्य बातें

पटवारी मानचित्र में वनखण्ड की सीमा

- 2 अप्रैल 1971 के पत्र के आधार पर वन विभाग ने कुछ जमीनों को वनखण्ड के रूप में चिन्हित किया।
- इन वनखण्डों की सीमा रेखा और मुनारे पटवारी मानचित्र में दर्ज किए गए।
- वन विभाग ने पहले पेंसिल और बाद में लाल स्याही से सीमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे।
- लेकिन राजस्व विभाग ने इन्हें काली स्याही से दर्ज किया, जो सामान्य नियमों के विपरीत था।

अन्य अभिलेखों में जानकारी का अभाव

- पटवारी मानचित्र में तो वनखण्ड की सीमा दर्ज की गई, लेकिन जिन जमीनों को इसमें शामिल किया गया, उनका विवरण: खसरा पंजी में दर्ज नहीं किया गया खासकर खसरा पंजी के कॉलम 12 में कोई प्रविष्टि नहीं की गई।

जमीन का रिकॉर्ड से गायब होना

- कुछ जिलों में वन विभाग ने 1927 के वन कानून (धारा 4, 29, 34A) के तहत कई जमीनों को वन भूमि घोषित किया इसके बाद निजी (खाता) और सामुदायिक (गैर-खाता) दोनों प्रकार की जमीन खसरा पंजी और पटवारी मानचित्र से हटा दी गई या अलग कर दी गई

फसल गिरदावरी क्या होती है?

- हर साल अक्टूबर–नवंबर में पटवारी हर खेत (खसरा नंबर) पर जाकर बोई गई फसल या खाली जमीन का रिकॉर्ड दर्ज करता है अगर जमीन पर कोई बदलाव होता है, तो उसे भी: खसरा पंजी के कॉलम 12 में दर्ज किया जाता है.
- वन विभाग से जुड़ी जानकारी दर्ज नहीं की गई
- वास्तविक स्थिति में कई जगह वन विभाग ने जमीन पर कब्जा किया निर्माण, वृक्षारोपण आदि भी किया लेकिन: इन सभी बातों को खसरा पंजी में दर्ज नहीं किया गया न ही इनका कोई आधिकारिक प्रतिवेदन तैयार किया गया

निगरानी व्यवस्था

- फसल गिरदावरी की निगरानी कई अधिकारी करते हैं इनमें राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार तहसीलदार, एसडीएम (अनुविभागीय अधिकारी) शामिल हैं इसके बावजूद सही रिकॉर्डिंग सुनिश्चित नहीं हो पाई।

मुख्य समस्या और निष्कर्ष

- राजस्व विभाग अपने ही नियमों का सही पालन नहीं कर पाया जमीन के रिकॉर्ड को सुरक्षित और अपडेट रखने में असफल रहा फसल गिरदावरी जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया का सही उपयोग नहीं किया गया इससे जमीन के असली अधिकार और स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई।

इस भाग की मुख्य सीख

- पटवारी मानचित्र और खसरा पंजी बहुत महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं।
- कॉलम 12 में बदलाव दर्ज होना जरूरी है।
- रिकॉर्ड में दर्ज न होने से अधिकार कमजोर हो जाते हैं।
- सही और पारदर्शी रिकॉर्डिंग से ही समुदाय अपने अधिकार साबित कर सकता है।

पारंपरिक व्यवस्था और बदलाव की शुरुआत

भारत में पहले ग्रामीण समुदाय अपने सामुदायिक संसाधनों—जैसे जंगल, चरागाह, पानी और निस्तारी भूमि—का उपयोग और प्रबंधन स्वयं करते थे। यह व्यवस्था स्थानीय जरूरतों और परंपराओं पर आधारित थी।

आजादी के बाद (1950 के बाद) सरकार ने भूमि सुधार और समानता के उद्देश्य से कई कानून बनाए। इनका मकसद था:

- **जमींदारी प्रथा समाप्त करना**
- **भूमिहीनों को जमीन देना**
- **सामुदायिक संसाधनों की रक्षा करना**

1950 के बाद मुख्य बदलाव

- 1950: संविधान लागू हुआ, जिसमें आदिवासी क्षेत्रों के लिए 5वीं अनुसूची बनाई गई।
- 1951: भूमि सुधार कानूनों को 9वीं अनुसूची में डालकर न्यायालयी हस्तक्षेप से बचाया गया।
- 1954–1970: मध्यप्रदेश में कई कानून बने (भू-राजस्व संहिता, पड़त भूमि कानून, दखल रहित भूमि कानून), जिनका उद्देश्य था:
    - सरकारी (दखल रहित) जमीन का भूमिहीनों में वितरण
    - सामुदायिक उपयोग (निस्तारी) को सुरक्षित रखना
- 1956 के बाद: ग्रामसभा को सामुदायिक संसाधनों के प्रबंधन का अधिकार देने की सोच विकसित हुई

लेकिन इसी समय एक महत्वपूर्ण समस्या शुरू हुई राजस्व विभाग और वन विभाग ने समानांतर कार्यवाही करते हुए:

- सामुदायिक और निस्तारी भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धाराओं (धारा 4, 20, 29 आदि) के तहत वन भूमि घोषित करना शुरू कर दिया इससे धीरे-धीरे समुदायों का इन संसाधनों पर नियंत्रण कमजोर होता गया।

1990 के बाद के महत्वपूर्ण कानूनी कदम

- 1993: संविधान में 11वीं अनुसूची जोड़कर पंचायतों को 29 विषयों पर अधिकार दिए गए (जिसमें संसाधन प्रबंधन भी शामिल है)।
- 1996 (PESA कानून): अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा को प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार दिए गए।
- 1996 (सुप्रीम कोर्ट – गोदावर्मन केस): कई प्रकार की भूमि को "वन" की परिभाषा में शामिल किया गया, जिससे सामुदायिक भूमि भी वन की श्रेणी में आने लगी।
- 2003: अदालत ने कुछ शर्तों के आधार पर छोटी जमीनों को वन श्रेणी से बाहर किया।
- 2006 (वन अधिकार कानून)
    - "ऐतिहासिक अन्याय" को स्वीकार किया गया व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकारों को मान्यता दी गई
- 2008: इसके नियम लागू हुए
- 2011: सुप्रीम कोर्ट ने माना कि निस्तारी और सार्वजनिक भूमि पर पंचायत/ग्रामसभा का अधिकार है

इसके बावजूद समस्या कहां बनी रही?

- कई जगह प्रशासन (कलेक्टर, एसडीएम) ने:
    - राजस्व कानूनों के बजाय वन कानूनों को प्राथमिकता दी

- सामुदायिक भूमि को वन भूमि घोषित करने की प्रक्रिया जारी रखी

- इससे:
  - ग्रामसभा के अधिकार कमजोर हुए
  - भूमिहीनों और समुदायों को उनका हक नहीं मिल पाया

वर्तमान स्थिति की समझ

- कानूनों में स्पष्ट रूप से ग्रामसभा और समुदाय को अधिकार दिए गए हैं...

लेकिन जमीन पर...

- विभागों के बीच टकराव होते रहा
- पुराने रिकॉर्ड और नई व्याख्याओं का भ्रम बना रहा
- प्रशासनिक उदासीनता इनके कारण अधिकार पूरी तरह लागू नहीं हो पाए

इस भाग के मुख्य संदेश

- सामुदायिक संसाधन केवल जमीन नहीं, बल्कि आजीविका और संस्कृति का आधार हैं।
- कानून (PESA, FRA, पंचायत व्यवस्था) समुदाय के पक्ष में हैं।
- "ऐतिहासिक अन्याय" को समझना जरूरी है ताकि अधिकारों की बहाली हो सके।
- ग्रामसभा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।
- सही जानकारी और कानूनी समझ से समुदाय अपने अधिकार प्राप्त कर सकता है।

5वीं अनुसूची, राज्यपाल की भूमिका और सामुदायिक अधिकार

5वीं अनुसूची क्या है और क्यों महत्वपूर्ण है?

भारतीय संविधान की 5वीं अनुसूची उन क्षेत्रों के लिए बनाई गई है जहां बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय रहते हैं (अनुसूचित क्षेत्र)। इसका मुख्य उद्देश्य है:

- आदिवासी समुदाय के भूमि और संसाधनों की रक्षा करना
- उनके पारंपरिक अधिकारों को सुरक्षित रखना
- बाहरी हस्तक्षेप से उनकी जमीन बचाना

5वीं अनुसूची के तहत राज्यपाल को विशेष अधिकार दिए गए हैं, ताकि वे आदिवासी हितों की रक्षा कर सकें।

राज्यपाल की भूमिका

5वीं अनुसूची के अनुसार राज्यपाल को दो महत्वपूर्ण अधिकार दिए गए हैं:

- भूमि के हस्तांतरण को रोकना या नियंत्रित करना
  यानी आदिवासियों की जमीन किसी गैर-आदिवासी को आसानी से न दी जाए।
- आदिवासियों को भूमि का आवंटन सुनिश्चित करना
  यानी जरूरतमंद आदिवासी परिवारों को जमीन मिल सके
  इसका मतलब है कि राज्यपाल की जिम्मेदारी है:
- आदिवासियों की जमीन की सुरक्षा करना
- उनके अधिकारों को लागू करवाना
- गलत तरीके से जमीन छिनने से रोकना

जमीन सुधार और वास्तविक स्थिति

आजादी के बाद सरकार ने जमींदारी खत्म की, जमीन सरकार के पास अर्जित की, इसे भूमिहीनों और गरीबों में बांटने का प्रावधान किया।

इन जमीनों का उपयोग भूमिहीनों को बसाने में, सामुदायिक जरूरतों (चरागाह, पानी, निस्तारी) के लिए ग्रामसभा के नियंत्रण में देने के लिए होना था, पर वास्तविकता में यह प्रक्रिया ज़्यादातर कागजों तक सीमित रही और समुदायों को उनका पूरा अधिकार नहीं मिल पाया।

वन विभाग की कार्यवाही और समस्या

1950 के बाद कई जगहों पर सामुदायिक और राजस्व भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927के तहत वन भूमि घोषित किया गया इसमें आदिवासियों की निजी जमीन भी शामिल कर ली गई लेकिन लोगों को उनकी जमीन से बेदखल किया गया वन विभाग ने उन जमीनों पर कब्जा कर लिया लोगों पर वन अपराध तक दर्ज किए गए इससे आदिवासी समुदाय अपने ही संसाधनों से वंचित हो गए।

राज्यपाल की भूमिका पर सवाल

5वीं अनुसूची के अनुसार राज्यपाल को इन कार्यवाहियों को रोकना चाहिए था। आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए थी। लेकिन ज़मीन पर ऐसा प्रभावी हस्तक्षेप नहीं हुआ, कई मामलों में अन्याय जारी रहा।

भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधान

- **धारा 3** - वनों को आरक्षित करने की शक्ति
- **धारा 4** - राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना
- **धारा 5**- अधिकारों को प्रोद्भूत होने का वर्जन
- **धारा 6**- वन व्यवस्थापन अधिकारी द्वारा उद्घोषणा
- **धारा 7**- वन व्यवस्थापन अधिकारी द्वारा जांच
- **धारा 8**- वन व्यवस्थापन अधिकारी की शक्तियां
- **धारा 9**- अधिकारों का निर्वापन
- **धारा 10**- खेती का स्थान बदलने की प्रथा से सम्बन्धित दावों का निराकरण
- **धारा 11**- ऐसी भूमि को अर्जित करने की शक्ति जिस पर अधिकार का दावा किया गया है
- **धारा 12**- चराई या वन उपज पर के दावों के अधिकारों के सम्बन्ध में आदेश
- **धारा 13**- वन व्यवस्थापन अधिकारी द्वारा तैयार किये जाने वाले अभिलेख
- **धारा 14**- अभिलेख (Record), जहाँ वह दावा विचार हेतु ग्रहण करता है
- **धारा 15**- स्वीकृत अधिकारों का प्रयोग

- **धारा 16-** अधिकारों का लघुकरण
- **धारा 17-** धारा 11, धारा 12, धारा 15 एवं धारा 16 के अधीन पारित आदेशों के विरूद्ध अपील
- **धारा 18-** धारा 17 के अधीन अपील
- **धारा 19-** अधिवक्ता
- **धारा 20-** प्रस्तावित वन आरक्षित होने के लिए विचारार्थ प्रस्तावित किया जाना
- **धारा 20(अ)-** वन भूमि या पड़त भूमि आरक्षित वन माने जावेंगे।
- **धारा 21-** ऐसी अधिसूचना के अनुवाद का वन के आसपास ग्रामों में प्रकाशन
- **धारा 22-** धारा 15 या 18 के अधीन किये गये प्रबन्ध का पुनरीक्षण करने की शक्ति
- **धारा 23-** आरक्षित वन में कोई अधिकार इसमें उपबंधित रीति के अनुसार अर्जित होने के सिवाय होगा
- **धारा 24-** बिना स्वीकृति, अधिकारों का (हस्तानान्तरण) अन्य संक्रामण नहीं किया जावेगा
- **धारा 25-** आरक्षित वनों में के पथों एवं जल मार्गो को रोकने (बन्द करने) की शक्ति
- **धारा 26-** ऐसे वनों में प्रतिषिद्ध कार्य
- **धारा 27-** यह घोषित करने की शक्ति कि वन, आरक्षित वन, नहीं रहा है
- **धारा 28-** ग्राम वनों का निर्माण (प्ररूपण)
- **धारा 29-** संरक्षित वन
- **धारा 30-** वृक्ष आदि को आरक्षित करने की अधिसूचना जारी करने की शक्ति
- **धारा 31-** ऐसी अधिसूचना के अनुवाद का आसपास में प्रकाश

भू-राजस्व संहिता 1959 के प्रावधान

- 1956 में मध्य प्रदेश का पुर्नगठन हुआ, विन्ध्य प्रान्त, मध्य प्रान्त, भोपाल प्रान्त मध्य प्रदेश में शामिल किए गए, मध्य प्रदेश से विदर्भ को पृथक किया गया। छत्तीसगढ़ के रूप में वर्ष 2000 में मध्य प्रदेश को विभाजित किया।
- 15 सितम्बर 1959 को महामहीम राष्ट्रपति महोदय की अनुमति प्राप्त हुई एवं दिनांक 21 सितम्बर 1959 को राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित हुई।
- संहिता की धारा 2(व) में दखल रहित भूमि को परिभाषित किया जाकर बताया है कि "दखल रहित भूमि से तात्पर्य गांव के अन्तर्गत ऐसी भूमि से है जो आबादी की भूमि या सेवा भूमि या किसी भूस्वामी काश्तकार (कृषक) या शासकीय पट्टाधारी द्वारा धारित भूमि न हो।
- अध्याय 18 दखल रहित भूमि में अधिकार और उसकी उपज
- धारा 233 दखल रहित भूमि का अभिलेख
- नियम- राजपत्र दिनांक 22 जनवरी 1960 में प्रकाशित अधिसूचना
- धारा 234 निस्तार पत्रक का तैयार किया जाना
- नियम- राजपत्र दिनांक 22 जनवरी 1960 में प्रकाशित अधिसूचना
- धारा 235 विषय जिनका निस्तार पत्रक में उपबन्ध किया जावेगा
- धारा 236 कतिपय विषयों के लिए निस्तार पत्रक में उपबन्ध
- धारा 237 निस्तार अधिकारों के उपयोग के लिए भूमि का

पृथक रखा जाना।

- धारा 238 दूसरे गांव की बंजर भूमि के अधिकार
- धारा 239 दखल रहित भूमि में लगाए गए फलदार वृक्षों के अधिकार
- नियम- राजपत्र दिनांक 22 जनवरी 1960 के प्रकाशित अधिसूचना
- धारा 240 कतिपय वृक्षों की कटाई का प्रतिपेध
- नियम- राजपत्र दिनांक 22 जनवरी 1960 के प्रकाशित अधिसूचना
- धारा 241 शासकीय वनों से इमारती लकड़ी की चोरी रोकने के उपाय
- नियम- राजपत्र दिनांक 22 जनवरी 1960 में प्रकाशित अधिसूचना
- धारा 242 रूढि पत्रक (बाजिबुल अर्ज)
- नियम- राजपत्र दिनांक 22 जनवरी 1960 में प्रकाशित अधिसूचना
- धारा 247 खनिज पदार्थों के संबंध में शासन का हक
- धारा 248 अप्राधिकृत रूप से भूमि पर कब्जा कर लेने के लिए शास्ति
- नियम- राजपत्र दिनांक 21 जनवरी 1977 में प्रकाशित अधिसूचना
- धारा 249 मछली पकड़ने, शिकार खेलने आदि का विनियमन
- नियम- राजपत्र दिनांक 22 जनवरी 1960 में प्रकाशित अधिसूचना
- धारा 250 अनुचित रीति से बेकब्जा किए गए भूस्वामी का पुर्नस्थापन
- धारा 250 क कब्जा वापस न दिया जाने पर सिविल कारागार में प्रतिरोध
- नियम- राजपत्र दिनांक 18 सितम्बर 1981 में प्रकाशित अधिसूचना
- धारा 251 तालाब का राज्य शासन में विहित होना
- नियम- उपधारा 1 एवं 2 के म.प्र. राजपत्र दि. 22/01/1960 में अधिसूचना
- नियम- उपधारा 6 के राजपत्र दि 22 जनवरी 1960 में प्रकाशित अधिसूचना
- धारा 252 सार्वजनिक उपयोगिता के कार्यों का संधारण
- नियम- राजपत्र दिनांक 22 जनवरी 1960 में प्रकाशित अधिसूचना
- धारा 253 उपबन्ध के उल्लंघन के लिए दण्ड
- धारा 254 ग्रामसभा के कर्तव्यों का पटेल द्वारा पालन

समाज के अधिकार एवं प्रचलित प्रावधान

समाज के अधिकार को दो हिस्सों में देखा गया है। पहला तो वन विभाग द्वारा नियंत्रित आर.एफ. पर समाज के अधिकार, दूसरा राजस्व ग्रामों की भूमि पर समाज के अधिकार।

राजस्व ग्रामों की राजस्व अभिलेख एवं पटवारी मानचित्र में दर्ज भूमि को ही 1950 से संरक्षित वन अधिसूचित किया गया। 1996 से इन्हीं जमीनों को नारंगी भूमि सर्वे में शामिल किया गया। 1996 में सर्वोच्च अदालत ने इन्हीं जमीनों को वन भूमि आदेशित किया।

संविधान एवं कानून में समाज के अधिकार

म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 का अध्याय 18, संविधान में लिए संशोधन एवं स्थापित वी अनुसूची, पंचायत (उपबंध) अधिनियम 1996 यानी पेसा कानून, वन अधिकार कानून 2006—इन समस्त प्रावधानों के अनुसार पटवारी मानचित्र, मिसल बन्दोबस्त, बा जिबुल अर्ज, गांव कायदा, निस्तार पत्रक, अधिकार अभिलेख, कासरा पंजी में दर्ज संसाधनों पर ग्रामसभा, ग्राम पंचायत का अधिकार, नियंत्रण एवं प्रबंधन होना चाहिए। समाज के दर्ज एवं प्रचलित अधिकार मान्य होंगे।

ग्रामों के प्रकार

राजस्व और वन कानून के अंतर्गत देश में अलग—अलग तरह के ग्राम प्रचलन में हैं। यहां पर समझने के नजरिए से संक्षिप्त में ग्रामों के प्रकार दिए जा रहे हैं।

मालगुजारी, जमींदारी, जागीरदारी ग्राम:

आजादी के पहले राजस्व ग्रमों की व्यवस्था मालगुजार, जमींदार, जागीरदार के नियंत्रण में थी। इन ग्रामों में निजी भूमि छोड़कर जल जंगल और जमीनी राजागीरदारों के नियंत्रण में थे जिन पर ग्रामीणों को अधिकार प्राप्त थे।

संविधान लागू होने के बाद जमींदारी उन्मूलन कानून या जमींदारी विनाश कानून या 1950 में बनाए जाकर निजी भूमि छोड़कर शेष जंगल और जमीन राज्य सरकार के राजस्व विभाग ने अर्जित किए।

रैयतवारी एवं मसाहती ग्राम:

रैय्यतवारी ग्रामों की भूमि संबंधी पूरे अभिलेख राजस्व विभाग के पास होते थे, इन ग्रामों की व्यवस्था सरकार द्वारा नियुक्त ग्राम पटेल के द्वारा की जाती थी। मसाहती ग्रामों की व्यवस्था समुदाय आधारित थी इन ग्रामों का पूर्ण बन्दोबस्त नहीं किया गया।

राजस्व वन ग्राम -

वन विभाग ने बहुत से राजस्व ग्रामों को वानिकी प्रबन्धन के उद्‌देश्य से राजस्व विभाग से प्राप्त इन ग्रामों की भूमि को वन विभाग ने भी राजस्व भूमि ही माना। इन ग्रामों के राजस्व अभिलेख राजस्व विभाग के राशनी के पास ही संधारित किए जाते रहे इन ग्रामों का राजस्व विभाग बन्दोबस्त भी करते रहा। इस तरह के ग्रामों के 1980 के बाद वन विभाग ने राजस्व वनग्राम माने जाने की बजाय वनग्राम बता दिया और अब इस तरह के इनों की निजी कृषि भूमि को भी वन विभाग वन भूमि बताने लगा।

वनग्राम -

दो तरह के वनग्रामों के प्रमाण उपलब्ध हैं पहले यह ग्राम जो वनभूमि घोषित करने के पूर्व राजस्व ग्राम थे जिन्हें वनखण्ड में आने के कारण वन विभाग ने वन ग्राम मान लिया दूसरे वह ग्राम जिन्हें वन विभाग ने श्रमिक बस्तियों के रूप में बसाया।

नगरीय सीमा में शामिल ग्राम -

नगरों के विकास के साथ ही राजस्व ग्राम एवं वनग्रामों को नगरीय सीमा का हिस्सा बना दिया इससे निजी भूमि पर किसानों के अधिकार तो यथावत बने रहे लेकिन उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों के सामान मिलने वाली सुविधाएं मिलना बंद हो गई।

अधिसूचित क्षेत्र में शामिल ग्राम:

किया म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ राज्य में विकास खण्ड अधिसूचित किए गए जिसमें शामिल सभी अधिसूचित क्षेत्र में शामिल ग्राम माना गया।

डीनोटीफाइड ग्राम -

वन विभाग ने भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 34अ के तहत राजस्व अधिसूचना का प्रकाशन कर ग्राम की समस्त संरक्षित वन भूमि डीनोटीफाइड की इन ग्रामों के पटवारी हल्का नहर एवं बन्दोबस्त नंबर का राजपत्र में उल्लेख किया गया। ऐसे ग्रामों में से जिन ग्रामों की जमीनों को संरक्षित वन भूमि मानकर सर्वे डिमारकेशन में वन विभाग ने शामिल किया है। उन ग्रामों के खसरा नम्बर एवं रकबे की जानकारी सर्वे डिमारकेशन रिपोर्ट में वन विभाग के पास उपलब्ध है।

पुनर्वास ग्राम -

भारत सरकार द्वारा भारतीय मूल के पश्चिम पाकिस्तान, बर्मा आदि देशों से आए भारतीयों हां बसाए जाने के लिए पुनर्वास ग्राम बसाए गए जिनका बन्दोबस्त किया जाकर पटवारी मानचित्र, खसरा पंजी, निस्तार पत्रक, किस्तबन्दी, आदि बनाकर ऐसे ग्रामों को बाद में राजस्व ग्राम घोषित किया गया।

मध्य प्रदेश के 1956 में पुर्नगठन के पहले और बाद की स्थिति

समाज का प्राकृतिक संसाधनों (भूमि, जंगल, जल) पर परंपरागत अधिकार हमेशा से रहा है। इन अधिकारों को अलग-अलग समय में नियंत्रित, सीमित और कर-आधारित किया गया। शासन ने इन अधिकारों को अभिलेखों, कानूनों और आदेशों के माध्यम से मान्यता भी दी और सीमित भी किया। इस मॉड्यूल में अंदर जाने से पहले यह समझना आवश्यक है कि प्रदेश में कब कब क्या हुआ?

1950 से पहले और बाद की स्थिति

- 1950 से पहले समाज के पास संसाधनों पर अधिकार थे, लेकिन वे सीमित और नियंत्रित थे।
- **ब्रिटिश काल में:**
    - **1877:** मालगुजारी अधिनियम – ग्राम संसाधनों पर समाज के अधिकारों की मान्यता
    - **1884:** सुखाधिकार कानून – अधिकारों को नियंत्रित किया गया
- 1950 के बाद: भूमि सुधार के नाम पर बड़े बदलाव शुरू हुए।

मध्य प्रदेश का ऐतिहासिक पुनर्गठन (1948–2000)

- **1948:** रियासतों के विलय से भोपाल, मध्य प्रांत और विंध्य प्रदेश बने।
- **1956:** विदर्भ अलग हुआ और मध्य प्रदेश का पुनर्गठन हुआ।
- **2000:** छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ।

इन पुनर्गठनों के दौरान भूमि और संसाधनों के अभिलेखों में बड़े बदलाव हुए।

1950 की दो समानांतर व्यवस्थाएं

1950 में दो अलग-अलग व्यवस्थाएं बनीं—

1. राजस्व विभाग की व्यवस्था

- राजस्व ग्रामों की भूमि और सार्वजनिक संसाधनों पर नियंत्रण
- गैर-खाता भूमि (सार्वजनिक/निस्तारी भूमि) का अभिलेखन

2. वन विभाग की व्यवस्था

- आरक्षित वन और समकक्ष क्षेत्रों पर नियंत्रण
- बाद में इन्हीं भूमियों को संरक्षित वन घोषित किया गया

1950 के दो बड़े परिवर्तन

- **पहला:** राजस्व विभाग ने जमींदारों, मालगुजारों से ग्रामों की सार्वजनिक भूमि अर्जित की।
- **दूसरा:** वन विभाग ने इन्हीं संसाधनों को अपने प्रबंधन में लेकर भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 29, 4, 20, 34(A) के तहत अधिसूचित कर दिया।
- यहीं से एक ही भूमि पर दो विभागों का दावा शुरू हुआ।

समानांतर व्यवस्था की असफलता

- 1950 से अब तक किसी भी स्तर पर इस दोहरी व्यवस्था की गंभीर समीक्षा नहीं हुई।
- लोकतांत्रिक व्यवस्था, न्यायपालिका और सामाजिक आंदोलनों ने भी इस पर सवाल नहीं उठाया।

- भूमि सुधार आंदोलनों और संगठनों की भूमिका भी निष्क्रिय रही।

समानांतर कार्यवाही का इतिहास (1950–2024)

- राजस्व विभाग: भूमि को राजस्व भूमि मानकर कार्यवाही करता रहा।
- वन विभाग: उसी भूमि को संरक्षित वन मानकर कार्यवाही करता रहा।
- 1996 से सुप्रीम कोर्ट कई मामलों में इन्हें राजस्व भूमि मानकर आदेश देता रहा।
- 2024 तक तक यह दोहरी व्यवस्था जारी है।

समानांतर व्यवस्था का विस्तार

- 1956 में मध्य प्रदेश का क्षेत्रफल: 4.42 करोड़ हेक्टेयर
